वर्षा वन अनुसंधान संस्थान में हिन्दी सप्ताह समारोह

वर्षा वन अनुसंधान संस्थान में 15 से 19 सितंबर, 2014 तक विभिन्न कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास से हिन्दी सप्ताह मनाया गया। हिन्दी सप्ताह का शुभारंभ 15 सितंबर को प्रातः उदघाटन समारोह के साथ किया गया था जिसमें संस्थान के सभी वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारी और शोधार्थी उपस्थित थें। कायक्रम का शुभारंभ पारंपरिक तरीके से दीप प्रज्वलित करके किया गया। हिन्दी सप्ताह के प्रथम दिन कविता पाठ एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने स्वलिखित व अन्य द्वारा लिखित कविताओं का पाठ किया। निबंध लेखन के विषय थें – क) भारत की अखण्डता में हिन्दी का महत्व, ख) जलवायु परिवर्तन का प्रभाव, और ग) वर्षा वन अनसंधान संस्थान – एक परिचय।

राजभाषा हिन्दी में दैनिक कार्य करने और कर्मचारियों के समस्याओं को दूर करने के लिए हिन्दी कार्यशाला आयोजन करना महत्वपूर्ण उपाय है। इस को ध्यान में रखते हुए हिन्दी सप्ताह के दूसरे दिन एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उपरान्त एक राजभाषा ज्ञान पर लिखित परीक्षा आयोजित की गई।

हिन्दी सप्ताह के तीसरे दिन (दिनांक 17 सितंबर) कर्मचारियों और स्कूली बच्चों के लिए आशुभाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। संस्थान के कर्मचारियों के बच्चों को इस प्रतियोगिता में आमंत्रित किया गया था। बच्चों के लिए दो श्रेणी में, जैसे, क) कक्षा पाँच तक, और ख) कक्षा छह से दस तक यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

हिन्दी सप्ताह के चौथे दिन अपराह्न 3 बजे सम्मेलन कक्ष में हिन्दी में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय था "बच्चों के लिए अत्याधुनिक गेजेट की प्रयोजनीयता नहीं है (पक्ष/विपक्ष)"। दिनांक 19 सितंबर को सभी अधिकारी और कर्मचारी के लिए प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में तीन-तीन सदस्यों के कुल 6 दलों ने भाग लिया। इसका संचालन संस्थान के वैज्ञानिक श्री राजीब कुमार कलिता और श्री दिनेश कुमार मीणा ने किया।

हिन्दी सप्ताह का समापन दिनांक 19 सितंबर, 2014 के अपराह्न आयोजित एक सभा के जरिए किया गया। इस सभा में संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अरुण प्रताप सिंह, डॉ. आर.

के. बोरा, श्री राजीब कुमार कलिता , श्री अरूप कुमार डेका , श्री बिजय प्रधान , अन्य वरिष्ठ वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी और स्कूली बच्चों ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता समूह समन्वयक (अनु.) डॉ. आर. के. बोरा ने किया। श्री शंकर शर्मा, हिन्दी अनुवादक ने सप्ताह भर आयोजित कार्यक्रमों की संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समापन समारोह में ही राजभाषा हिन्दी में कार्य कर रहे कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए नक़द पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्रीमती प्रीतिमणि दास बोरा, श्रीमती दिपान्विता डेका, श्री मृदुल सैकिया और श्री भुबन कछारी को वित्तीय वर्ष 201-14 के लिए ये पुरस्कार प्रदान किए गये। इसके बाद उपस्थित सभासदों ने हिन्दी सप्ताह और आयोजित कार्यक्रमों के बारे में अपने विचार व्यक्त किये और इन कार्यक्रमों की सराहना की। सभासदों के वक्तव्य के बाद सप्ताह भर आयोजित विभिन्न प्रतियोगितओं के विजेताओं की घोषणा की गई और उनको पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। सभा के सभापित डॉ. आर. के. बोरा ने अपने भाषण में राजभाषा हिन्दी में अधिक से अधिक कार्य करने के लिए जोर दिया। उन्होंने राजभाषा हिन्दी को सम्मानीय आसन में बैठाने के लिए सबका सहयोग मांगा। कार्यक्रम के अंत में श्री शंकर शर्मा, हिन्दी अनुवादक ने सभी को आभार प्रकट किया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नाम निम्न प्रकार हैं –

क्रम संख्या	प्रतियोगिता का नाम	पुरस्कार	विजेता का नाम
1	कविता पाठ प्रतियोगिता (स्वलिखित/परलिखित)	प्रथम	श्री असीम चेतिया
		द्वितीय	श्री राजीब कुमार कलिता
		तृतीय	श्रीमती निबेदिता बरुआ दत्त
2	निबंध प्रतियोगिता	प्रथम	श्रीमती निबेदिता बरुआ दत्त
		द्वितीय	सुश्री डेइजी दास
		तृतीय	श्री अरबिंद डेका
3	आशुभाषण (Extempore Speech) (हिन्दी भाषी स्टाफ के लिए)	प्रथम	डॉ. कृष्ण गिरि
		द्वितीय	डॉ. शैलेष पाण्डे
		तृतीय	सुश्री सृजीता गांगुली
		सांत्वना	श्री राजऋषि भट्टाचार्या
4	आशुभाषण (Extempore Speech)	प्रथम	श्री अरुप कुमार डेका
		द्वितीय	श्री राजीब कुमार कलिता

	(हिन्दीतर भाषी स्टाफ के लिए)	तृतीय	श्रीमती निबेदिता बरुआ दत्त
5	आशुभाषण (Extempore Speech) (बच्चों के लिए) **कक्षा – V तक**	प्रथम	श्री आकाशदीप डेका
		द्वितीय	इशिका रंजन दत्त
		तृतीय	श्री अविनाश गोगोई
		सांत्वना	श्री ऋषभ कलिता
		सांत्वना	आस्था कौशिक
		सांत्वना	तन्वी कश्यप
		सांत्वना	मौवरषा दास
		सांत्वना	प्रज्ञा कौशिक
		सांत्वना	मधुस्मिता गोगोई
6	आशुभाषण (Extempore Speech) (बच्चों के लिए) **कक्षा 6– 10**	प्रथम	वैष्णवी बोरठाकुर
		द्वितीय	श्री अरुणदीप डेका
		तृतीय	श्री विशाल हजारिका
7	राजभाषा हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता	प्रथम	श्रीमती निबेदिता बरुआ दत्त
		द्वितीय	डॉ. कृष्ण गिरि
		तृतीय	श्री अजय कुमार
8	वाद-विवाद प्रतियोगिता विषय: “बच्चों के लिए अत्याधुनिक गेजेट की प्रयोजनीयता नहीं है। (पक्ष/विपक्ष)	प्रथम	डॉ. कृष्ण गिरि
		द्वितीय	श्री निरेन दास
		तृतीय	डॉ. शैलेष पाण्डे
9	प्रश्नोत्तरी (क्विज़)	प्रथम	श्री बसंत नायक
			श्री अजय कुमार
			श्री प्रतुल हजारिका
		द्वितीय	डॉ. राजीब कुमार बोरा
			सुश्री मोनिषा नेउग
			सुश्री प्रियाक्षी
		तृतीय	श्रीमती निबेदिता बरुआ दत्ता
			श्रीमती इलोरा दत्त बोरा
			श्री असीम चेतिया

हिन्दी सप्ताह समारोह की कुछ झलकियाँ

हिन्दी सप्ताह के मध्य में आयोजित आशु-भाषण प्रतियोगिता मे विभिन्न स्कूलों से आए बच्चे

हिंदी दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

हिंदी दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
१४ सितंबर
मैं आपकी अपनी हूँ,

हिंदी दिवस की
१४ सितंबर